# एचबीटीआई में पूर्व छात्र समिति गठित

**कानपुर नगर।** हरकोर्ट बटलर टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी में सोमवार को वर्ष 2020-21 के लिए नई एक्सेप्टिव ईकॉमिट, एलुमनी एसोसिएशन का गठन हुआ। जिसमें नए पदाधिकारीयों मे उपाध्यक्ष रजनीश चंद्र दीक्षित, सचिव विवेक मिश्रा, कोषाध्यक्ष मयंक जैन और सदस्य राधा कांत जायसवाल, राजीव सिंहल, प्रवीण गुप्ता, स्वप्नलेखा बसक, सुशील कुमार, आशा अग्रवाल चुना गया। इस अवसर पर एक-दूसरे के साथ और अधिक करीबी बढ़ाने के लिए वेस्ट कैंपस एचबीटीयू के क्रिकेट ग्राउंड में पूर्व छात्र संघ और छात्रों के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें एलुमनी एसोसिएशन ने 120 बनाए और मैच जीता। इस अवसर पर 1991 बैच के राधा कांत जायसवाल ने छात्रों की तरफ से खेला और 1981 बैच के आई.पी. यादव और 1995, 1989 के कई पूर्व छात्रों ने खेला। इस अवसर पर 100 से अधिक वर्तमान छात्र मौजूद रहे।